Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding damaged bridge on Eastern Yamuna Canal in Rampur Tehsil of Sharanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर की तहसील रामपुर मनिहारान के ग्राम कल्लरपुर माजरा गुज्जर के सामने पूर्वी यमुना नहर का पुल लगभग 20 वर्षों से टूटा होने के कारण एक दर्जन गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इन गांव के लोगों को तहसील मुख्यालय आने-जाने के लिए 10 से 20 किलोमीटर का अधिक सफर करना पड़ता है ।

मान्यवर, स्कूली बच्चों, मजदूरों व खेती के लिए जाने वाले किसानों को पुल टूटा होने से आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है । दूर के सफर से बचने के लिए नहर पार करते समय कई बार हादसे हो चुके हैं । बहुत से स्कूली बच्चे नहर में गिरकर कोमा में चले गए हैं, जबकि कई को गंभीर चोटें आई हैं ।

मान्यवर, सरकार इस समस्या का संज्ञान ले और पुल बनाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करे । धन्यवाद ।